FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

सराहनीय कार्य दिनांक 03-04-2026 थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निर्देशन में थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा थाना टूण्डला क्षेत्रान्तर्गत मोटरसाइकिल लूट की घटना कारित करने वाले 01 अभियुक्त को अवैध असलहा 315 बोर व 01 मोटर साइकिल सहित पुलिस मुठभेड में किया गया गिरफ्तार।

- अभियुक्त पैर में गोली लगने से हुआ घायल।
- घायल अभियुक्त को उपचार हेतु भेजा गया जिला अस्पताल।
- उक्त घटना से सम्बन्धित पुलिस टीम द्वारा 04 अभियुक्तगणों को लूटी गयी 05 मोटरसाइकिल सहित पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व में थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा चोरी/छिनैती/लूट की घटना कारित करने वाले 01 अभियुक्त विकास पुत्र पम्मी लाल निवासी नागऊ थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद को पुराना बाईपास रोड गेल गैस प्लांट के सामने खाली प्लाट से पहले थाना क्षेत्र टूण्डला से पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त से लूट की घटना में प्रयुक्त 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 खोखा करातूस 315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 मोटर साइकिल(बिना नम्बर प्लेट) सम्बन्धित मु0अ0सं0- 101/2026 धारा –310(2), 317(2) बीएनएस थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद सहित गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण - दिनांक 28.02.2026 को थाना टूण्डला पर वादी अमित पुत्र नारायण सिंह निवासी- नया रसूलपुर, माता वाली गली नं 6 थाना रसूलपुर फिरोजाबाद द्वारा मोटर साइकिल को लूट लेने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 101/2026 धारा 304(1) बीएनएस थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद पर पंजीकृत कराया गया था। घटना के सफल अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे द्वारा 02 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में आज दिनांक 03-04-2026 को मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली कि थाना टूण्डला क्षेत्रान्तर्गत हुई लूट की मोटर साइकिल लेकर अभियुक्त पुराना बाईपास रोड गेल गैस से पहले बाई ओर खाली प्लाट में मोटर साइकिल के सौदा करने के लिये खडा हुआ हैं, उक्त सूचना पर थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा बाईपास रोड गेल गैस प्लांट के सामने खाली प्लॉट से पहले पहुँचे तो पुलिस टीम को अपनी ओर आते देख 01 संदिग्ध व्यक्ति द्वारा जान से मारने की नीयत से पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा भी जबाबी फायरिंग की गयी जिसमें 01 संदिग्ध व्यक्ति पैर में गोली लगने से घायल हो गया हैं। जिसकी पहचान विकास पुत्र पम्मी लाल निवासी नागऊ थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद जो कि मु0अ0सं0 101/2026 धारा 310(2), 317(2) बीएनएस थाना टूण्डला में वांछित अभियुक्त हैं। घायल अभियुक्त को तत्काल उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त से घटना में प्रयुक्त किये गये 01 तमंचा 315 बोर व 02 खोखा कारतूस 315 बोर तथा व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर मय 01 मोटर साइकिल बरामद हुए हैं। उक्त घटना से सम्बन्धित पुलिस टीम द्वारा 04 अभियुक्तगणों को लूटी गयी 05 मोटरसाइकिल सहित पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त–

1. विकास पुत्र पम्मी लाल निवासी नागऊ थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद।

अभियुक्त आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0-101/2026 धारा 310(2)/317(2) बीएनएस थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद।
2. मु0अ0सं0-98/2026 धारा- 303(2)/317(2) बीएनएस थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद।
3. मु0अ0सं0-77/26 धारा- 310(2) /317(2) बीएनएस थाना नारखी जिला फिरोजाबाद।
4. मु0अ0सं0-73/26 धारा- 310(2) /317(2) बीएनएस थाना नारखी जिला फिरोजाबाद।
5. मु0अ0सं0-42/26 धारा- 310(2) /317(2) बीएनएस थाना मक्खनपुर जिला फिरोजाबाद।
6. मु0अ0सं0- 156/26 धारा - 109(1) बीएनएस (पु0मु0) व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना टूण्डला।

बरामदगी का विवरणः-

1. 01 तमंचा 315 बोर।
2. 02 खोखा कारतूस 315 बोर।
3. 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर।
4. 01 मोटर साइकिल (लूटी गयी)।

गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 श्री अनिल कुमार सिंह थाना टूण्डला फिरोजाबाद ।
2. नि0 श्री मुकेश कुमार प्रभारी सर्विलांस मय सर्विलांस टीम जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 श्री शैलेन्द्र कुमार शर्मा थाना टूण्डला फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 श्री आदेश कुमार थाना टूण्डला फिरोजाबाद।
5. उ0नि0 श्री अरविन्द कुमार थाना टूण्डला फिरोजाबाद।
6. उ0नि0 श्री हर्षित कुमार थाना टूण्डला फिरोजाबाद।
7. है0का0 901 आरिफ खान थाना टूण्डला फिरोजाबाद।
8. है0का0 43 महेन्द्र कटियार थाना टूण्डला फिरोजाबाद।
9. है0का0 20 राजेन्द्र कुमार थाना टूण्डला फिरोजाबाद।
10. का0 1565 भूरी सिंह थाना टूण्डला फिरोजाबाद।
11. का0 893 मौहम्मद फरमान थाना टूण्डला फिरोजाबाद।